ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 15 मई 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com


## सुप्रीम कोर्ट बोला - न्यूज क्लिक फाउंडर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी अवैध
### कहा- पुलिस ने आधार नहीं बताया; चीन से फंडिंग के आरोप में अरेस्ट हुए थे

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. एंटी टेरर लॉ केस में जेल में बंद न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उनकी गिरफ्तारी को अवैध बताया और रिहाई का आदेश दिया। प्रबीर और न्यूज क्लिक के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को चीन से फंडिंग के आरोप में पिछले साल 3 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अमित सरकारी गवाह बन गए थे।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस मेहता की बेंच ने कहा कि हमें यह कहते हुए कोई हिचकिचाहट नहीं है कि पुलिस ने गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया। रिमांड ऑर्डर भी अवैध है। इसलिए प्रबीर को रिहा किया जाना चाहिए। न्यूज क्लिक की तरफ से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलीलें रखी थीं।

**गिरफ्तारी के आधार लिखित में बताना क्यों जरूरी**



सुप्रीम कोर्ट ने पंकज बंसल बनाम भारत संघ मामले में दिए फैसले में कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 22 और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट (PMLA) की धारा 19(1) को सही अर्थ और उद्देश्य देने के लिए गिरफ्तारी के आधार की लिखित सूचना बिना किसी अपवाद के दी जानी चाहिए। रियल एस्टेट समूह M3M के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज बंसल और बसंत बंसल को ईडी ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय ED अधिकारी ने गिरफ्तारी के आधार मौखिक रूप से बताए थे। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि आरोपी को गिरफ्तारी के आधार सिर्फ पढ़कर सुनाने या उसे पढ़ने के लिए देने से कॉन्सिटिट्यूशनल और लीगल प्रोटेक्शन का उद्देश्य पूरा नहीं होता। कोर्ट के मुताबिक जमानत पाने के लिए आरोपी को यह साबित करना होता है कि उसकी गिरफ्तारी उचित आधार पर नहीं हुई है। इसके लिए जरूरी है कि गिरफ्तार व्यक्ति गिरफ्तारी के आधार से पूरी तरह अवगत हो। मतलब जब व्यक्ति को गिरफ्तारी का आधार पता होगा तभी वह जमानत के लिए अदालत में दलील देने की स्थिति में होगा। सेंसिटिव केसेज के लिए कोर्ट ने यह भी कहा अगर गिरफ्तारी के आधार में किसी तरह की संवेदनशील जानकारी है, जिससे जांच प्रभावित हो सकती है तो उस हिस्से को हटाकर गिरफ्तारी के आधारों की एडिटेड कॉपी दी जानी चाहिए। इससे जांच की शुचिता की रक्षा की जा सकेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ठीक उसी दिन यानी 3 अक्टूबर 2023 को आया था, जिस दिन प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी हुई थी।

## रविंद्र सिंह भाटी को फिर मिली जान से मारने की धमकी





24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

बाड़मेर. बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है. सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवक रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है. भाटी को धमकी देते हुए युवक ने कहा कि रविन्द्र भाटी को जल्द ही खुलेआम मारेंगे. वीडियो संज्ञान में आने के बाद बालोतरा पुलिस ने इस मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है. सोशल मीडिया पर बीते कुछ घंटे से एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो में एक युवक बाड़मेर - जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्यशी रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी देता नजर आ रहा है. युवक ने करीब 1 मिनट 26 सेकंड का वीडियो जारी किया है. इस वीडियो में 'युवक ने कहा कि कुछ दिनों पहले एक वीडियो आया था. वह कह रहा है कि लिखकर क्यों धमकी दे रहा है, खुलेआम धमकी क्यों नहीं दे रहा है. युवक आगे बोलते हुए कह रहा है कि मैं उसे बोलना चाहता हूं कि रविंद्र सिंह भाटी को खुलेआम मारेंगे, वो भी जल्द से जल्द. तुझे जो करना है, वो कर लेना. साथ ही युवक ने धार्मिक विषय को लेकर भी टिप्पणी की है'. पुलिस जुटी तलाश में : भाटी के समर्थकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राजस्थान पुलिस के हेल्प डेस्क को टैग कर शिकायत की है. उन्होंने धमकी देने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग की है. राजस्थान पुलिस के हेल्प डेस्क टीम ने बालोतरा पुलिस को जांच करके आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. बालोतरा पुलिस ने इसके जवाब में बताया कि धमकी देने वाले युवक की पुलिस टीम तलाश कर रही है. इससे पहले भी भाटी को मिली थी धमकी : रविंद्रसिंह भाटी को इससे पहले भी सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली थी. दरअसल 27 अप्रैल को फेसबुक पर मघाराम नाम के एक व्यक्ति ने रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी थी. बाड़मेर पुलिस ने 2 मई को उसे गिरफ्तार कर उसे बालोतरा पुलिस को सौंप दिया था. लगातार मिल रही धमकी के बाद रविंद्र सिंह भाटी को सुरक्षा देने की भी मांग उठी थी. इसके बाद जयपुर सीबीआई से मिले आदेश के बाद बाड़मेर एसपी ने एक पीएसओ को बढ़ाकर दो पीएसओ लगाए थे.

## मोदी बोले-कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट बांटना चाहती है
### उनकी सोच- अल्पसंख्यकों पर 15% खर्च हो; नकली शिवसेना-NCP का कांग्रेस में विलय पक्का

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com



मुंबई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र के डिंडोरी में जनसभा की। उन्होंने कहा- आज मोदी गरीब को पक्के घर दे रहा है, बिजली कनेक्शन, हर घर जल, उज्वला का गैस कनेक्शन दे रहा है। हमने कभी किसी का धर्म नहीं देखा। सबके लिए योजनाएं बनाईं, सबको योजनाओं का लाभ दिया। उन्होंने कहा- कांग्रेस की सोच है कि देश की सरकारें जितना बजट बनाती हैं, उसका 15% सिर्फ अल्पसंख्यक पर खर्च हो, यानी धर्म के आधार पर बजट का भी बंटवारा। धर्म के आधार पर इन्होंने देश को बांटा और आज भी वो धर्म के आधार पर भांति-भांति के बंटवारे करने में लगे हुए हैं।मोदी ने कहा- बालासाहेब का मानना था कि जिस दिन शिवसेना कांग्रेस की राह पर चलने लगेगी, उस दिन उनकी शिवसेना का अंत हो जाएगा। आज यह जो विनाश हो रहा है, यह बालासाहेब को सबसे ज्यादा दुखी करता होगा।

बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है। कांग्रेस ने प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। नकली शिवसेना ने भी वही रास्ता चुना। कांग्रेस के लोग मंदिर को लेकर बकवास कर रहे हैं। नकली शिवसेना पूरी तरह से चुप है। उनकी साझेदारी पाप की साझेदारी है और उनका पाप पूरी दुनिया के सामने उजागर हो गया है। चार चरणों के चुनाव में जनता ने उन्हें हर तरफ से हरा दिया है।

## शाह बोले- केजरीवाल को बेल मिलना स्पेशल ट्रीटमेंट
### मोदीजी 2029 तक PM बने रहेंगे, उसके बाद भी वे हमारा नेतृत्व करेंगे

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

कोलकाता. गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक बार फिर कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे। वे 2029 तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे। इसके बाद भी वे हमारा नेतृत्व करेंगे। गृह मंत्री ने तिहाड़ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर कहा- मेरा मानना है कि यह कोई रूटीन जजमेंट नहीं था। देश में कई सारे लोग हैं, जिनका मानना है कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत स्पेशल ट्रीटमेंट है।

शाह ने न्यूज एजेंसी ANI को दिए इंटरव्यू में लोकसभा चुनाव, भाजपा के नेतृत्व, अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल से रिहाई, ममता बनर्जी, संदेशखाली, इंडी इलायंस, राम मंदिर, अल्पसंख्यक वोट बैंक, पाकिस्तान के परमाणु बम, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (POK), ज्ञानवापी और मथुरा कृष्ण मंदिर विवाद समेत विभिन्न मुद्दों पर बात की।



## मुंबई होर्डिंग हादसा- मलबे में 2 और शव मिले
### अब तक 16 मौतें; आरोपी पर 23 क्रिमिनल केस, रेप चार्ज में गिरफ्तार हो चुका



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. मुंबई के घाटकोपर में होर्डिंग गिरने वाली जगह पर बुधवार (15 मई) को लगातार तीसरे दिन रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस बीच मंगलवार (14 मई) की रात मलबे के नीचे दो और शव मिले हैं। NDRF ने बताया कि दो शवों को अभी बाहर नहीं निकाला जा सका है। इसी के साथ मरने वालों का आंकड़ा 16 हो गया है। मुंबई में सोमवार (13 मई) की दोपहर में धूल भरी आंधी और बारिश हुई थी। इस दौरान घाटकोपर में एक अवैध होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिर गया था। 100 फीट ऊंचे और 250 टन वजन वाले लोहे के होर्डिंग के नीचे कई कार, टू-व्हीलर्स और लोग दब गए थे। हादसे में 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। NDRF के एक अधिकारी ने बताया कि पेट्रोल पंप में अंडरग्राउंड फ्यूल स्टोरेज टैंक होने के कारण आग लगने की संभावना है। इसलिए, हम गैस कटर का इस्तेमाल नहीं कर रहे, क्योंकि इसकी चिंगारी आग भड़का सकती है। गैस कटर इस्तेमाल न कर पाने के चलते मलबा हटाने में देरी हो रही है। क्रेन और दूसरे मशीनों का इस्तेमाल करते समय भी लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके बावजूद बुधवार सुबह रेस्क्यू के दौरान आग लगने की छोटी घटना हो गई। हालांकि, वहां तैनात दमकल कर्मियों ने इसे तुरंत बुझा दिया। घाटकोपर में गिरने वाले होर्डिंग का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में सबसे बड़े सबसे बड़े होर्डिंग के रूप में दर्ज किया गया था। इसे लगाने वाली एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के मालिक भावेश भिंडे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हादसे के बाद से वह फरार है। भावेश इस साल जनवरी में एक रेप मामले में गिरफ्तार हुआ था। हालांकि, बाद में उसे बेल मिल गई। वह 2009 में निर्दलीय विधानसभा चुनाव भी लड़ चुका है। चुनावी हलफनामे में उसने बताया था कि उसके खिलाफ 23 क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

## EPFO की बड़ी सौगात, करोड़ों लोगों को अब मिलेंगे दोगुने पैसे

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः अगर आप भी सैलरी उठाते है तो ये खबर आपके लिए है. ईपीएफओ की तरफ से नौकरीपेशा के लिए नई सुविधा जारी की गई है. इस सुविधा के तहत अगर आपको एजुकेशन, मैरिज और घर के लिए पैसे की जरुरत पड़ती है तो आप फास्ट अप्रूवल वाली सर्विस का फायदा उठा सकते है. इस सर्विस में कंप्यूटर के जरिए आपके क्लेम को चेक किया जाएगा और मंजूरी दी जाएगी. बता दें कि अभी तक ये सुविधा केवल बिमारी से जुड़े मामलों में दी जाती थी. लेकिन अब इस सर्विस का फायदा 6 करोड़ से अधिक ईपीएफओ मेंबर्स एजुकेशन, मैरिज और घर के लिए पैसों की जरुरत में उठा सकते है. श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, यह ऑटोमेटेड सिस्टम बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के दावों को प्रोसेस करती है. बता दें कि इससे पहले बीमारी के लिए एडवांस पेमेंट के उद्देश्य से अप्रैल, 2020 में दावा निपटान का ऑटो मोड पेश किया गया था. अब यह सीमा बढ़ाकर 1,00,000 रुपये कर दी गई है. चालू वर्ष के दौरान, लगभग 2.25 करोड़ सदस्यों को इस सुविधा का लाभ मिलने की उम्मीद है. बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, ईपीएफओ ने लगभग 4.45 करोड़ दावों का निपटारा किया, जिनमें से 60 फीसदी से अधिक (2.84 करोड़) दावे एडवांस दावे थे. साल के दौरान निपटाए गए टोटल एडवांस में से, लगभग 89.52 लाख दावों का निपटान ऑटो-मोड का उपयोग करके किया गया है. लिवलीहुड में आसानी की सुविधा के लिए, ऑटो क्लेम समाधान को अब ईपीएफ योजना, 1952 के पैरा 68K (शिक्षा और विवाह उद्देश्य) और 68B (आवास उद्देश्य) के तहत सभी दावों के लिए बढ़ा दिया गया है. इसके अलावा, सीमा को दोगुना कर दिया गया है. 50,000 से रु. 1,00,000 रुपये तक इस कदम से लाखों ईपीएफओ सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है ।

## अजमेर में 2 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. जिले के अराई तहसील में एक पटवारी 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है. अजमेर में एसीबी की स्पेशल यूनिट ने यह कार्रवाई की है.पटवारी राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण की एवज में परिवादी से 3 हजार रुपए मांग कर उसे परेशान कर रहा था. अजमेर एसीबी की स्पेशल यूनिट में उप अधीक्षक राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि परिवादी से मिली शिकायत का सत्यापन किया गया. उसके बाद आरोपी पटवारी के खिलाफ ट्रैप की कार्रवाई की गई है. उन्होंने बताया कि अराई तहसील के गागुन्दा पटवार मंडल के पटवारी सरदार सिंह को परिवादी से दो हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि पारिवाद की शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी पटवारी सरदार सिंह परिवादी से एक हजार रुपए वसूल कर चुका है. उन्होंने बताया कि परिवादी ने पटवारी के खिलाफ अजमेर एसीबी की स्पेशल यूनिट को शिकायत दी थी. परिवादी का आरोप था कि राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण की एवज में पटवारी सरदार सिंह तीन हजार रुपए की रिश्वत राशि की मांग कर उसे परेशान कर रहा है. उपाधीक्षक राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी पटवारी से पूछताछ की जा रही है. एसीबी की ओर से मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा ।

# संपादकीयः सलाह की सीमा

लोकसभा के लिए जारी चुनाव में सभी दल और उनके नेता प्रचार अभियान में पहले से ज्यादा मुखर हो रहे हैं। मगर इस बीच कई दलों के वरिष्ठ नेताओं की भी जैसी बयानबाजियां सामने आई हैं, उससे साफ है कि मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए सार्वजनिक रूप से भी दिए जाने वाले भाषणों में मर्यादा का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जा रहा है। जनहित के मुद्दे उठाने और उस पर केंद्रित सकारात्मक बहस के जरिए जनता के सामने मुद्दे को लेकर स्पष्टता बनाने में रुचि कम दिखती है, जबकि आक्रामक बयानबाजियों के जरिए लोगों को अपने पक्ष में खड़ा करने की कोशिश आम होती जा रही है। ऐसे में निर्वाचन आयोग की यह सलाह महत्त्वपूर्ण है कि राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को प्रचार अभियान में विमर्श के ऐसे अच्छे उदाहरण स्थापित करने चाहिए, जिसकी उनसे अपेक्षा है। उम्मीद यह भी की जाती है कि इस क्रम में नेता ऐसी बातें नहीं करेंगे, जिससे समाज का नाजुक ताना-बाना खराब हो। इसी के मद्देनजर आयोग ने कहा कि यह नेताओं की जिम्मेदारी है कि वे चुनाव के बचे हुए चरणों के दौरान अपने बयानों और भाषणों में उठाए जाने वाले मुद्दों को सही तरीके से पेश करें। देश के लोकतांत्रिक ढांचे और सामाजिक ताने-बाने के लिहाज से देखें तो निर्वाचन आयोग की सलाह की अपनी अहमियत है। मगर एक संवैधानिक निकाय होने और देश में चुनाव आयोजित कराने की सारी जिम्मेदारी उठाने के बावजूद उसकी इस तरह की अपेक्षाओं की जमीनी हकीकत क्या है? ऐसे क्या कदम उठाए जाते हैं, जिससे चुनाव प्रचार के दौरान विमर्श को एक आदर्श स्तर देने की सलाह पर अमल सुनिश्चित हो? यह छिपा नहीं है कि देश में राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता भी चुनाव के दौरान जैसी टिप्पणियां कर देते हैं, वे कई बार न सिर्फ मर्यादा के खिलाफ और निम्न स्तर के होते हैं, बल्कि उससे देश की लोकतांत्रिक गरिमा को भी गहरी चोट पहुंचती है। अफसोसनाक यह भी है कि ऐसा करने में राष्ट्रीय कही जाने वाली राजनीतिक पार्टियों के निचले स्तर के नेता-कार्यकर्ता तो बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते ही हैं, कई बार शीर्ष नेता भी निजी हमले करने या आदर्श आचार संहिता को धता बता कर अवांछित और निराधार टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते। अक्सर माहौल इस हद तक कड़वा हो जाता है कि अच्छे विमर्श की जगह नहीं बन पाती। ऐसे में बहस को एक स्तरीय स्वरूप देने की चुनाव आयोग की अपेक्षा लोकतंत्र की मजबूती के लिहाज से जरूरी है। मगर यह सवाल लाजिमी है कि नेताओं की कुछ बेलगाम बयानबाजियों के खिलाफ कार्रवाई करके जहां आयोग को स्पष्ट संदेश भी देना चाहिए, वहां सिर्फ आग्रह करने की औपचारिकता का हासिल क्या होगा! अगर कभी निर्वाचन आयोग के पास अनर्गल टिप्पणियों के लिए किसी नेता के खिलाफ शिकायत जाती भी है तो नोटिस जारी करने से लेकर कार्रवाई होने तक की हकीकत छिपी नहीं रही है। आखिर क्या कारण है कि आयोग की तमाम हिदायतों के बावजूद नेताओं की बेलगाम बयानबाजियां बंद नहीं हो पा रहीं? आजादी के सात दशक के बाद के चुनावों में भी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए अलग-अलग दलों के शीर्ष स्तर के नेता अगर एक बेहतर और गरिमापूर्ण लोकतांत्रिक विमर्श खड़ा कर पाने के बजाय बेहद उथली टिप्पणियों के जरिए चुनाव में जीत हासिल करने की कोशिश करते हैं तो यह किसकी नाकामी है?

# लापरवाही की कीमत

मुंबई में सोमवार को आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान कई लोगों की मौत को किसी हादसे की तरह ही देखा जाएगा। मगर सच यह है कि इसके पीछे संबंधित महकमों की बहुस्तरीय लापरवाही मुख्य वजह है। विडंबना यह है कि ऐसे हादसों की वजहें जगजाहिर होती हैं, मगर उसकी ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं और मामला जब तूल पकड़ लेता है तब अफसरों की नींद खुलती है। वरना क्या वजह है कि जहां बारिश-तूफान से बचने के लिए या किसी अन्य मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो सकते हैं, वहां ऐसे विशाल होर्डिंग लगाने की छूट दी जाए, जो तेज आंधी में गिर जा सकता था। गौरतलब है कि मुंबई में धूलभरी आंधी के दौरान घाटकोपर में एक पेट्रोल पंप के पास खड़ा सौ फुट से ज्यादा लंबा बिलबोर्ड गिर गया। वहीं खड़े सौ से ज्यादा लोग उसकी चपेट में आ गए, जिनमें चौदह लोगों की मौत हो गई और चौहत्तर घायल हो गए। प्रथम दृष्टया इस हादसे की वजह तेज आंधी को कहा जा सकता है। मगर केवल बिगड़े मौसम पर इसकी जिम्मेदारी नहीं थोपी जा सकती।

हैरानी की बात यह है कि मुंबई में एक मुख्य जगह पर लगे इस होर्डिंग को बाद में अवैध बताया गया, जिसे लगाने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी। विचित्र है कि मुंबई जैसे महानगर में, जहां किसी इलाके में फुटपाथों तक पर लगने वाली दुकानों के वैध-अवैध होने के बारे में प्रशासन को पूरी जानकारी रहती हो, वहां सौ फुट से ज्यादा ऊंचा होर्डिंग खड़ा था और उसके अवैध होने के बारे में जानकारी हादसे के बाद सामने आई। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के दौरे के बाद शहर में सभी होर्डिंगों के संरचनात्मक आडिट का आदेश दिया गया है, बृहन्मुंबई महानगर पालिका राजकीय रेलवे पुलिस की जमीन पर लगे बाकी सभी होर्डिंग को हटाएगी और पुलिस ने होर्डिंग के मालिक पर गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। शहरों-महानगरों में हर तरफ अवैध होर्डिंग खतरनाक तरीके से खड़े दिख जाते हैं। मगर समूचे प्रशासन के स्तर पर सक्रियता आखिर किसी हादसे और उसमें लोगों के मारे जाने के बाद ही क्यों दिखाई देती है? अगर संबंधित महकमों ने समय रहते अपनी ड्यूटी और जिम्मेदारी के प्रति ईमानदारी बरती होती तो शायद इस हादसे को रोका जा सकता था।

# 75 हजार की मंथली के कच्चे चिट्ठे आ गए सामने, एसपी साहब!


## कार्रवाई में अब किस बात की देरी, उतार दीजिए गुरूर वालों का सुरूर, तोड़ दीजिए आर्थिक दस्तूर

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। गोगुंदा में शराब की दुकानों पर थानेदार साहब के पुलिसिया रौब और पद के प्रभाव के सुरूर से परेशान शराब कारोबारियों ने कल प्रदर्शन किया था, ज्ञापन दिया था और बताया था कि किस प्रकार से उनका धंधा चौपट कर दिया गया है। दुकानों पर पुलिस का पहरा बिठा दिया है। शराब खरीदने आने वालों पर राठौड़ी कार्रवाई और वसूली हो रही है। लीगल मदिरा की आवाजाही पर पुलिस का सुरूर आड़े आ रहा है, जमकर जब्ती हो रही है। कोर्ट से थानेदार साहब की क्लास लग गई मगर मंजर नहीं बदला। इन तल्खियों के बाद भी राहत नहीं मिली तो आज फिर व्यापारी आबकारी विभाग पहुंचा और अपने वीडियो बयान में दो टूक कह दिया कि 75 हजार की मंथली जा रही थी जिसे बढ़ाकर 1 लाख करने को लेकर परेशान किया जा रहा था। सबकी पाई-पाई का हिसाब रजिस्टर में लिखा हैं। रजिस्टर की एंट्री भी दिलचस्प हैं व आर्थिक अनुदान के साथ ही कई अन्य राज भी खोलता है। पाठकों को उसे भी गौर से पढ़ना चाहिए ताकि पता चल सके कि आबकारी की दुनिया में अंदरखाने सिस्टम आखिर चलता कैसे है। वैसे तो आबकारी विभाग में मंथली की गंगा चिरकाल से कल-कल करते हुए बहती आ रही है और लाभार्थियों व देनदारों के बीच में एक म्यूच्यूअल अंडरस्टेंडिंग होती है मगर जब-जब ये कैमेस्ट्री बिगड़ती है, समय-समय पर इसको लेकर हंगामें हो जाते हैं व बातें जनता की अदालत तक पहुंच जाती है। एक पक्ष अचानक पीड़ित हो जाता है तो दूसरा पीड़ा देने वाला। सिस्टम कुछ ऐसा हो गया है कि हर बार समस्या का सेटलमेंट करके बोतल पर ढक्कन लगा दिया जाता है। देखना है इस मामले में आने वाले दिनों में क्या कुछ होता है। व्यापारियों की ओर से जारी वीडियो बयान में जो आरोप लगाए गए हैं वे गंभीर किस्म के हैं। जो कच्चे चिट्ठे हैं उन पर देनदारियों के जो सुबूत हैं वो खुद गवाही दे रहे हैं कि आबकारी के ठेके चलाने वालों को क्या-क्या आर्थिक दस्तूर नहीं निभाने पड़ते हैं। उनका एसपी को संज्ञान लेकर तुरंत सख्त कार्रवाई कर सिस्टम को मजाक बनाने वालों का सुरूर उतार देना चाहिए ताकि पुलिस का इकबाल बुलंद हो। जांच होगी तो दूध का दूध व पानी का पानी हो जाएगा। इस मामले में थानेदार साहब का पक्ष अभी प्राप्त नहीं हुआ है। प्राप्त होते ही अगले समाचार में अवगत करवा दिया जाएगा।




# आचार संहिता में 37 सरकारी विद्यालयो में 74 विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति, अब जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों को भेजेंगे नाम



ताराचन्द जैन
विधायक - उदयपुर शहर
94141 56533
0294-2420533

क्रमांक :- वि.उ./शि./24-25/11
दिनांक 07/05/24

श्रीमान् जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक मुख्यालय, उदयपुर

विषय :- विद्यालय में विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति के संबध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शासकीय योजनाओं कें संचालन एंव आवश्यक शासकीय बैठकों में प्रतिनिधित्व करने हेतु मेरे द्वारा निम्नाकिंत प्रतिनिधि (सलंग्न सूचीनुसार) को मेरे विधानसभा के विद्यालयों में नियुक्त करता हु, समस्त संस्था प्रधानों को निर्देश प्रदान करे की विद्यालय संचालन एवं अन्य गतिविधियों में इनकी भागीदारी नियमानुसार तय कर एवं विद्यालयों में नियुक्त प्रतिनिधियो को नियुक्ति की जानकारी दुरभाष के माध्यम से सूचित करावें।

| क्र.सं. | विद्यालय नाम | विद्यालय का पता | प्रतिनिधि नाम | मो.नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, से.-04 | अम्बेडकर कॉलोनी, हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर | श्री पुरुषोत्तम दवे | 9057574086 |
| | | | श्री हिरालाल विरवाल | 9664381113 |
| 2 | राजकीय बालिका उच्च मा. विद्यालय, आयड़, (23307) | आयड़, उदयपुर | श्री शिवशंकर नागदा | 8209988433 |
| | | | श्री गोपाल जी गौड़ | 9414160575 |
| 3 | राजकीय बालिका उच्च मा. विद्यालय, सुंदरवास (223308) | सुंदरवास, उदयपुर | श्रीमती कल्पना पोरवाल | 9314265756 |
| | | | श्री फतह लाल जैन (कुकड़ा) | 9414178577 |
| 4 | फतह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, (223293) | सुरजपोल, उदयपुर | श्री जगदीश सुथार | 9460448067 |
| | | | श्री भरत मेहता | 8209052900 |
| 5 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, से.-04 (223311) | हिरण मगरी, सेक्टर-04, बी.एस.एन.एल, उदयपुर | श्री भोपाल सिंह बाबेल | 8619509558 |
| | | | श्री रमेश जैन | 9414162544 |
| 6 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुरोहितों की मादड़ी (223310) | पुरोहितों की मादड़ी | डॉ. विनोद यादव | 9414737334 |
| | | | श्री बलवीर सिंह राणावत | 9001081088 |
| 7 | राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय, से.-04 (फस्ट) (400847) | हिरण मगरी, सेक्टर-04, उदयपुर | श्री विजय बया | 9468710990 |
| | | | श्री अरुण मारू | 9983328739 |
| 8 | राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय, खेमपुरा (414220) | खेमपुरा, उदयपुर | श्री हरीश गोराणा | 9772155222 |
| | | | श्री ललित डांगी | 9784535198 |

कार्यालय : 21, लिंक रोड टाउनहॉल, उदयपुर 313001 (राज.)

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता 4 जून को मतगणना तक जारी रहेगी और आचार संहिता की बंदिशें अब भी लागू हैं। इधर, आज पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि शहर विधायक ताराचंद जैन ने उदयपुर शहर विधानसभा के 37 राजकीय विद्यालय मैं 74 विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया। ताराचंद जैन ने बताया कि उदयपुर शहर विधानसभा में 37 राजकीय विद्यालय हैं जिसमें शासकीय योजनाओं के संचालन एवं आवश्यक शासकीय बैठकों में प्रतिनिधित्व करने हेतु उनके द्वारा प्रति विद्यालय दो विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्यकर्ताओं को मनोनीत किया है। इस तरह कुल 74 विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति कर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि इस नियुक्ति की सूचना समस्त संस्था प्रधानों को की जाए एवं विद्यालय संचालन एवं अन्य गतिविधियो मैं इन सभी की भागीदारी नियम अनुसार सुनिश्चित की जाए। भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि सभी मनोनीत विधायक प्रतिनिधियों का प्रातः पटेल सर्कल स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर संगठन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी विधायक प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली ने की मुख्य अतिथि ताराचंद जैन नगर विधायक थे। कार्यक्रम के अन्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा भारतीय जनता पार्टी सुंदर सिंह भंडारी मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष विजय आहुजा राणा प्रताप मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मारू एवं डॉ आंबेडकर मंडल अध्यक्ष राजेश वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित थे। उपस्थित विधायक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली एवं शहर विधायक ताराचंद जैन ने सभी प्रतिनिधियों को किस प्रकार से एक विद्यालय के विकास में उनकी भूमिका हो जो पूर्णतया सकारात्मक हो और विद्यालय के हित में कार्य करते हुए विद्यालय प्रशासन का सहयोग करने का निर्देश दिया। शहर विधायक ताराचंद जैन द्वारा मनोनीत विधायक प्रतिनिधियों में मुख्यतः पूर्व शिक्षा अधिकारी शिवजी गौड़ भरत मेहता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दलपत सुराणा बलवीर सिंह दिगपाल एडवोकेट दिनेश गुप्ता आकाश बागरेचा महेंद्र सिंह शेखावत अनिल सिंघल सुंदरलाल कटारिया जगदीश सुथार गजेंद्र जैन राजेंद्र परिहार कुंदन चौहान ललित तलेसरा के नाम सम्मिलित हैं।


# 2 साल पहले स्कूल जाने निकला बच्चा आज भीलवाड़ा में कॉफी शॉप पर काम करते मिला, कॉफी शॉप संचालक गिरफ्तार

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट सलूंबर। जिले के सराडा थाना पुलिस ने नाबालिग से बालश्रम कराने के मामले में एक कॉफी शॉप संचालक को गिरफ्तार किया है। नाबालिग बीते 2 साल से गुमशुदा था। जिसे भी पुलिस ने संचालक की शॉप से दस्तयाब किया है। सराडा थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि नाबालिग के पिता ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि उसका बेटा 26 जुलाई 2022 को सराडा के सरकारी स्कूल पाण्डर कुई पाल में पढ़ने के लिए गया था। उस दिन वापस घर नहीं आया। आसपास लोगों और करीबी रिश्तेदारों से पता किया लेकिन बच्चे का कहीं सुराग नहीं लगा। इधर, मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू की। पुलिस को मुखबिर से पता लगा कि गुमशुदा नाबालिग भीलवाड़ा में भोलेनाथ कॉफी हाउस में काम कर रहा है। जिसके बाद पुलिस की टीम भीलवाड़ा पहुंची और कॉफी की शॉप से नाबालिग को दस्तयाब किया। साथ ही बालश्रम कराने के मामले में कॉफी शॉप संचालक ओम प्रकाश पिता प्रभुलाल जाट निवासी गंगरार चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया गया।




# सड़क हादसे में एसपी के ड्राइवर की मौत



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट डीडवाना। एएसपी हिमांशु शर्मा ने बताया कि कॉन्स्टेबल महबूब खान (45) डीडवाना के एसपी राजेंद्र कुमार मीणा के ड्राइवर था। सुबह पुलिस लाइन से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए एसपी ऑफिस जा रहा था। इस दौरान 1 बजे पुलिस लाइन से एक किलोमीटर पहले अमरपुरा चौराहे के पास सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। सिर में चोट आने से महबूब खान की मौके पर ही मौत हो गई। कार सड़क से नीचे उतरकर पेड़ों की तरफ जाकर रुकी। ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। महबूब खान को बांगड़ जिला अस्पताल पहुंचाया। उनके परिवार में पत्नी गृहिणी है। एक बेटा और एक बेटी है। बेटा कोचिंग सेंटर चलाता है, वहीं बेटी नर्सिंग कर रही है।

# चोरी से परेशान होकर ज्ञापन देने चौकी गए, कोई नहीं मिला, सूचना पर आए थानाधिकारी बोले-आपके मामले पर ही सलूंबर में चर्चा कर रहे थे

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट सलूंबर। थाना क्षेत्र के जावद गांव में 15 दिन पहले हुई चोरी का अब तक खुलासा नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीण पुलिस चौकी पहुंचे। मामले की जानकारी होते ही थाना अधिकारी मौके पर आए व ग्रामीणों से समझाइश करते हुए घटना का खुलासा करने का दिया आश्वासन। जानकारी के अनुसार जावद के किरण व्यवसाय ओनाडसिंह के घर में रात्रि 1 बजे अज्ञात बदमाश चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए जिसमें करीब 7 लाख रुपए का नुकसान हुआ। सोने और चांदी के जेवर और डेढ़ लाख रूपए नकद थे जिसकी रिपोर्ट सलूंबर थाने में दी गई परंतु घटना का खुलासा नहीं होकर बदमाश पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। ग्रामीणों में आक्रोश थाव सुबह 9 बजे पुलिस चौकी पहुंचे, जहां पर तैनात हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल राजकीय कार्य से सलूंबर गए हुए थे। ऐसे में पुलिस चौकी पर कोई उपस्थित नहीं था। सूचना डीवाईएसपी सलूंबर और थाना अधिकारी को मिलते ही थानाधिकारी मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश करते हुए घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारी सलूंबर हितेश कुमार पालीवाल ने बताया की चौकी प्रभारी विक्रम सिंह को इसी घटना के अनुसंधान के सिलसिले में सलूंबर बुलाया हुआ था और मामले का अनुसंधान चल रहा है बदमाशों तक पहुंचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। थानाधिकारी को सलूंबर से पुलिस चौकी पर पहुंचने में 1 घंटा 30 मिनट लगे। पुलिस चौकी पर मात्र दो पुलिसकर्मी तैनात हैं किसी भी प्रकार की घटना होने पर थाने से अधिक दूरी होने पर पुलिसकर्मी को पहुंचने में समय लगता है। ग्रामीणों ने थानाधिकारी और स्वयंवर विधायक अमृतलाल मीणा से फोन पर बात कर पुलिस चौकी पर स्टाफ बढ़ाने की मांग की। पुलिस चौकी पर 6 का स्टाफ स्वीकृत है। पास्को, हत्या ,चोरी और मारपीट की कई वारदात होने के बाद भी पुलिस स्टाफ बढ़ाने को लेकर संज्ञान नहीं ले रहा है।



# बंगाल गवर्नर पर सेक्शुअल हैरेसमेंट का दूसरा केस

## क्लासिकल डांसर बोली- बोस ने दिल्ली के होटल में शोषण किया

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

कोलकाता/दिल्ली.पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट का एक और केस सामने आया है। उन पर एक ओडिसी क्लासिकल डांसर ने दिल्ली के एक 5 स्टार होटल में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शिकायत अक्टूबर 2023 में दर्ज कराई गई थी।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, बंगाल पुलिस ने पिछले हफ्ते राज्य सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपी है। 14 मई को



मामला सामने आया है। ओडिसी डांसर ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह विदेश यात्रा से जुड़ी दिक्कतों को लेकर राज्यपाल से मदद मांगने गई थी।

### जांच रिपोर्ट में क्या

जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि CCTV फुटेज में राज्यपाल के होटल में एंट्री और एग्जिट का समय और महिला ने अपनी शिकायत में जो समय बताया है, वह एक है।


हालांकि ओडिसी डांसर ने यह नहीं बताया कि उसने 10 महीने बीतने के बाद अक्टूबर में शिकायत क्यों दर्ज कराई। पूरे मामले पर सीवी बोस या राजभवन की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

# राजस्थान में खदान हादसे में एक अधिकारी की मौत:15 घंटे में बचाए गए 14 लोग, लिफ्ट की चेन टूटने से 1875 फीट नीचे फंसे थे

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

खेतड़ी (नीमकाथाना). राजस्थान में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान (खेतड़ी) खदान में फंसे 15 अफसरों में से 14 को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेंद्र पांडे की मौत हो गई है। उनके पार्थिव शरीर को खेतड़ी कॉपर कॉर्पोरेशन हॉस्पिटल में रखा गया है। हालांकि प्रशासन ने अभी इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। बुधवार सुबह से चार राउंड में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। बचाए गए अफसरों में से 7 घायलों को जयपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। दरअसल, नीमकाथाना जिले की इस खदान में मंगलवार शाम हुए एक एक्सीडेंट में 15 अधिकारी-कर्मचारी फंस गए थे। खदान में 1875 फीट की गहराई में लिफ्ट की चेन टूट गई थी। 14 मई की शाम को खेतड़ी कॉपर कॉर्पोरेशन (KCC) चीफ समेत विजिलेंस की टीम माइंस में नीचे उतरी थी। रात 8:10 बजे माइंस से निकलते समय हादसा हो गया। लिफ्ट में कोलकाता से आई विजिलेंस की टीम और KCC के बड़े अधिकारी थे।



# पेट्रोल पंप पर आंखों में मिर्च झोंक कर लाखों की लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन की आंखों में मिर्ची डाल रुपए और बाइक लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश हुआ है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन की आंखों में मिर्ची डाल रुपए और बाइक लूट के फरार हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।एक नाबालिग को डिटेन किया है। आरोपियों ने घटियावली के अलावा निंबाहेड़ा में भी दो लूट की वारदात स्वीकार की। तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। शंभूपुरा में 26 अप्रैल को घटियावली स्थित पेट्रोल पंप पर चार बदमाशों ने पेट्रोल भरवाकर सेल्समैन की आंखों में मिर्च डालकर 2600 रुपए लूट लिए। सेल्समैन की बाइक भी ले गए। पुलिस ने मड़ियाखेड़ी, निंबाहेड़ा निवासी कन्हैयालाल उर्फ राकेश पुत्र ओंकार लाल नायक और जावद, नीमच हाल उखलिया निवासी विशाल पुत्र ओमप्रकाश बारेठ को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक नाबालिग को डिटेन किया गया। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया है। पूछताछ में बताया कि दोनों ने घटियावली के अलावा निंबाहेड़ा नायरा पेट्रोल पंप पर भी मेनेजर की आंखों में मिर्ची डाल कर और पिस्टल दिखाकर दो लाख 35 हजार रुपए, गादोला से निंबाहेड़ा रोड़ पर समूह लोन एजेंट की आंखों में मिर्ची डालकर 20 हजार रुपए लूट लिए थे। इस कार्रवाई में शंभूपुरा थानाधिकारी ठाकरा राम, एएसआई रईस मोहम्मद, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल रामकिशन, मुकेश, लोकेश, कोतवाली निम्बाहेड़ा के हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार और कांस्टेबल जगदीश शामिल थे।

# छींच-बांसला मार्ग पर गहने लूटे बाइक सवार बदमाशों ने चलती बाइक पर महिला से कमरबंद छीना




**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

बांसवाड़ा. कलिंजरा थाना क्षेत्र के छींच-बांसला मार्ग पर महिला से जेवरात लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित कान्तिलाल पुत्र लक्ष्मण डामोर निवासी कुवानिया ने रिपोर्ट में बताया है कि मंगलवार को छींच पेट्रोल पम्प से मैं अपनी मोटर साईकिल में पेट्रोल भरा कर गांव पृथ्वीपुरा जा रहा था। उसके साथ उसकी पत्नी भी थी। उसी समय पेट्रोल पम्प से थोड़ा दूर पानी टंकी के पास तीन अज्ञात बदमाश बाइक लेकर आए और पीछा करने लगे। उसके बाद वो प्रार्थी की बाइक के नजदीक आए और उसकी पत्नी ने कमर में चांदी का कमरबंध पहना था। वो छीन कर भाग गए। प्रार्थी ने उनका पीछा भी किया। लेकिन आरोपी मौके से भाग निकले। लूट की इस घटना के बाद लोगों में यह आक्रोश भी है कि कलिंजरा थाना क्षेत्र में बागीदौरा चोकी और बड़ोदिया चौकी है। लेकिन यहां लंबे समय से चौकी प्रभारी के पद खाली पड़े हुए हैं। इसलिए गश्त और निगरानी नहीं हो रही। इसी कारण इस क्षेत्र में आए दिन लूट और चोरी की वारदात हो रही हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार घायल : एक की हुई मौत, दूसरे का इलाज जारी



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

डूंगरपुर. डूंगरपुर के साबला थाना क्षेत्र के उदयपुर-बांसवाड़ा रोड पर बोरिया मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार अन्य युवक घायल हो गया।

साबला थाना पुलिस के अनुसार उदयपुर-बांसवाड़ा रोड पर बोरिया मोड़ के पास मंगलवार रात को एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 2 युवक के हाथ, पैर, सिर पर गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगो ने घटना की जानकारी साबला थाना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को साबला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दोनों युवक बांसवाड़ा जिले के घाटोल क्षेत्र के बताए जा रहे है। पुलिस ने शव को आसपुर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। वहीं घायल का इलाज जारी है।

# फर्जी दस्तावेजों से भर्ती में आपत्ति दर्ज कराने पर नोटिस:बेरोजगार नेताओं ने किया विरोध, कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष बोले- गलती की सजा भुगतनी होगी

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर. सूचना सहायक भर्ती में फेक डाक्यूमेंट से एक सवाल पर आपत्ति दर्ज कराने वाले 687 अभ्यर्थियों को नोटिस जारी होने पर विवाद खड़ा हो गया है। कई अभ्यर्थी और बेरोजगार नेता इसके विरोध में उतर आए हैं। उनका कहना है कि अभ्यर्थियों को पता नहीं था कि यह फेक डाक्यूमेंट है। अगर पता होता तो वे इसके आधार पर आपत्ति दर्ज नहीं कराते, जबकि बोर्ड का कहना है कि कई लोगों ने भर्तियों में फर्जीवाड़े को रुटिन प्रक्रिया मान लिया है। वे गलती मानने को तैयार नहीं हैं। गलती की सजा तो भुगतनी ही पड़ेगी। फर्जीवाड़े को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि बोर्ड ने सूचना सहायक भर्ती में सवाल पर आपत्ति के साथ कूटरचित दस्तावेज अपलोड करने वालों को नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने उनसे मेल आईडी पर 7 दिन के स्पष्टीकरण मांगा है। अभ्यर्थियों को बताना होगा कि आपत्ति दर्ज कराते समय अपलोड किए गए कूटरचित दस्तावेज का स्रोत क्या है। संपूर्ण विवरण प्रूफ या स्क्रीनशॉट भी देना होगा।

### भर्तियों में बड़े स्तर पर गंदगी फैल गई, इसे साफ करना जरूरी

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने कहा- भर्तियों में बड़े स्तर पर गंदगी फैल गई है। इसको साफ करना जरूरी है। फर्जीवाड़े को कई लोगों ने रुटीन प्रक्रिया मान लिया है। वे गलती स्वीकार करने को तैयार ही नहीं हैं। गलती की है तो सजा तो भुगतनी पड़ेगी। सूचना सहायक भर्ती में आपत्ति दर्ज कराते समय अपलोड किए गए कूट रचित दस्तावेज के लिए जिम्मेदार कौन हैं। हम उस तक पहुंचना चाहते हैं। अभ्यर्थियों से बोर्ड की मेल आईडी पर सबूतों के साथ 7 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### सवाल डिलीट होने पर पेपर सेटर के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई

राष्ट्रीय रोजगार संघ के अध्यक्ष भरत बेनीवाल ने कहा- भर्तियों में कई सवाल डिलीट होते हैं। इससे युवाओं को भारी परेशानी होती है। बोर्ड बताए कि सवाल डिलीट होने पर पेपर सेटर या विषय विशेषज्ञों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। अनजाने में अभ्यर्थियों से गलती हो गई तो बोर्ड उनके खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी कर रहा है। राजस्थान युवा शक्ति एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष मनोज मीणा ने कहा- आपत्ति दर्ज कराने वाले गरीब और सामान्य परिवारों से है। उन्हें पता नहीं था कि यह फेक डाक्यूमेंट है। अगर पता होता तो वे इसके आधार पर आपत्ति दर्ज नहीं कराते। सवाल डिलीट होता है या आंसर बदलता है तो अभ्यर्थियों को परेशानी होती है। बोर्ड को जेईएन, पीटीआई भर्ती सहित कई भर्तियों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चयनित होने वालों पर भी कार्रवाई करनी चाहिए।

# SBI ने FD की ब्याज दरें 0.75% तक बढ़ाईं:180 से 210 दिन तक की FD पर अब मिलेगा 6% रिटर्न

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की




है। SBI ने 46 दिन से 179 दिन तक की FD की ब्याज दर को 4.75% से बढ़ाकर 5.50% किया है। वहीं 180 दिन से 210 दिन तक की FD पर अब 5.75% की बजाय 6.00% ब्याज मिलेगा। इसी तरह 211 दिन से 1 साल से कम समय की FD पर अब 6.00% की जगह 6.25% ब्याज मिलेगा। बाकी अवधि की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया गया है। ये ब्याज दरें 15 मई से लागू हो गई हैं। ब्याज की यह दरें 2 करोड़ रुपए से कम की FD के लिए हैं। FD से मिलने वाले ब्याज पर भी देना होता है टैक्स FD से मिलने वाला ब्याज पूरी तरह से टैक्सेबल होता है। आप एक साल में FD पर जो भी ब्याज कमाते हैं, वो आपकी एनुअल इनकम में जुड़ता है। कुल आय के आधार पर, आपका टैक्स स्लैब निर्धारित किया जाता है। चूंकि FD पर अर्जित इंटरेस्ट इनकम को "इनकम फ्रॉम अदर सोर्सेज" माना जाता है, इसलिए इस पे टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स या TDS के तहत चार्ज किया जाता है। जब आपका बैंक आपकी ब्याज आय को आपके अकाउंट में जमा करता है, तो उसी समय TDS काट लिया जाता है।

# एसपी के सामने पेश हुए गुरूजी और शिष्या, हाईकोर्ट का आदेश दिखाते हुए सुरक्षा मांगी, गुरूजी निलंबित, 3 शिक्षक एपीओ

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, राजसमंद। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल दोवड़ा में 12वीं कक्षा की छात्रा के गुरूजी के साथ चले जाने के मामले में नया मोड़ आ गया। 3 अध्यापकों को एपीओ किया गया है। आमेट ब्लॉक में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल दोवड़ा में कल यह मामला सामने



आने के बाद ग्रामीणों का प्रदर्शन हुआ था। वहां के एक गुरूजी 12वीं कक्षा की छात्रा को कथित रूप से अपने साथ लेकर चले गए थे। छात्रा के परिजनों ने आमेट पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और तलाश की जा रही है। कल मामला शांत हो गया मगर आज दोपहर टीचर इन्द्रजीत सिंह और स्कूल की छात्रा एसपी आफिस पहुंचे और एसपी मनीष त्रिपाठी के सामने पेश हुए। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश दिखाते हुए सुरक्षा की मांग की। शाम को शिक्षा विभाग के बीकानेर मुख्यालय ने आदेश जारी कर अध्यापक इंद्रजीत सिंह को निलंबित कर दिया। निलंबन काल के दौरान अध्यापक का मुख्यालय खैराबाद कोटा किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आमेट ने अन्य शिक्षकों की भी शिकायत मिलने पर 3 शिक्षकों को एपीओ कर दिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोवड़ा ब्लॉक आमेट के गोपी लाल रेगर वरिष्ठ अध्यापक, गुरुप्रीत सिंह वरिष्ठ अध्यापक (गणित) और धर्मवीर सिंह अध्यापक (अंग्रेजी -2) को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर इनका मुख्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय आमेट किया।

# पहली बार CAA से 14 शरणार्थी को भारतीय नागरिकता मिली:गृह मंत्रालय ने सर्टिफिकेट जारी किया; 11 मार्च को लागू हुआ था कानून



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. ये तस्वीरें भारत की नागरिकता पाने वाले लोगों की हैं। नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने इन लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। नागरिकता संशोधन कानून (CAA) के तहत पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई है। गृह मंत्रालय ने बुधवार (15 मई) को ये जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 14 लोगों को CAA के सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को CAA देशभर में लागू किया था। CAA के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आए गैर- मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान है। दरअसल, 10 दिसंबर 2019 को सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल (CAB) लोकसभा से और अगले दिन राज्यसभा से पारित हुआ था। 12 दिसंबर 2019 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मंजूरी मिलने के बाद CAA कानून बन गया था।

# आलोक एग्जाम सेंटर आए तो जरा सावधान : परीक्षार्थी को किया घनचक्कर, एडमिट कार्ड में लिखा-महिला थाने के पास

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com




**आलोक स्कूल, दर-दर भटका स्टूडेंट, आलोक सेक्टर-11 पहुंचा तो घुसने नहीं दिया, बोले-दूसरा एडमिट कार्ड लाओ**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। आज सुबह एनटी की परीक्षा थी और मावली से मोहम्मद यासीन अपने बेटे को एनटीए का एग्जाम दिलाने उदयपुर लेकर आए। एडमिट कार्ड पर परीक्षा केंद्र का पता लिखा था-आलोक सीनियर सेकण्डरी स्कूल भुवाणा प्रतापनगर बाईपास, महिला थाने के पास। वहां पर पिता-पुत्र दो घंटे तक घूमे, कोई आलोक स्कूल नहीं मिला। फिर किसी ने कहा कि फतहपुरा जाओ, वहां एक स्कूल है। फतहपुरा आलोक स्कूल गए तो वहां पर ना तो संतोषप्रद जवाब दिया, ना ही कोई फोन नंबर दिए जिस पर अपनी व्यथा बता सके। उसके बाद बाहर खड़े लोगों ने कहा कि एक आलोक स्कूल सेक्टर-11 में है। वहां से भाग कर आलोक स्कूल सेक्टर-11 आए तो बाहर देखा कि बच्चे को रोल नंबर लिस्ट में है। इस पर उन्हें तसल्ली हो गई कि चलो, आखिरकार पहुंच गए। लाइन में लगे और नंबर आया तो गेट पर ही वापस भेज दिया गया, बोले-नया एडमिट कार्ड लेकर आओ, सुबह के समय आस-पास कोई ई-मित्र नहीं खुला था तो पेरशान हो गए। एक एग्जाम में एडमिट कार्ड का प्रिंट क्या दो बार लिया जाता है? आखिरकार खूब मशक्कत के बाद एक ई-मित्र खुला मिल गया। वहां भी कुछ देर तक सर्वर की प्राब्लम आई व आखिरकार एडमिट कार्ड का नया प्रिंट निकल गया। इसके बाद एग्जाम के ऐने मौके पर गेट बंद होने से पहले साढ़े 9 बजे बच्चे को प्रवेश दिया गया। इस मामले में परीक्षा एजेंसी के साथ ही आलोक स्कूल की भी भारी लापरवाही सामने आई है। भुवाणा में महिला थाने के पास कोई आलोक स्कूल नहीं है। बताया जा रहा है कि ऐसी प्रिंटिंग मिस्टेक कुछ और बच्चों के साथ हुई। यदि ऐसा है तो अभिभावकों को संदेश देना चाहिए था, खबर जारी करनी थी। अभिभावक हैरान परेशान आलोक के फतहपुरा स्कूल पहुंच गया मगर वहां से टरका दिया गया। यदि स्कूल प्रबंधन चाहता तो तसल्ली से बात सुनकर कंट्रोल रूम से या फिर अपने ही दूसरे स्कूल से फोन करके पता कर सकता था कि बच्चे का रोल नंबर वहां पर है या नहीं। यदि एडमिट कार्ड में ही पता गलत आया है तो इसमें बच्चे की क्या गलती है। आलोक स्कूल को जवाब देना चाहिए कि ऐसी कौनसी परीक्षा है जिसमें दो-दो बार एडमिट कार्ड का प्रिंट देना पड़ता है। यदि गलत पता एडमिट कार्ड में आ गया है, बच्चा व पिता रिक्वेस्ट कर रहे हैं तो उन्हें बाहर ही ऐसा मजबूर और लाचार करना आलोक स्कूल की प्रतिष्ठा के भी खिलाफ है। बच्चे को प्रवेश देकर बाद में पिता से एडमिट कार्ड मंगवाया जा सकता था।

# चुनाव बीत गया, स्कूल शुरू हो गए, अब प्राइवेट स्कूलों के लिए आई सख्त गाइड लाइन, किताबों-ड्रेसों में लूटा तो कार्रवाई की चेतावनी

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। सेशन शुरू होते ही अभिभावकों सहित कई संगठन बार-बार शिकायत कर-कर के थक गए कि फीसें बढ़ा दी हैं, किताबों में मनमानी रेट ले रहे हैं, ड्रेस बार-बार बदल रहे हैं, एक ही शॉप से खरीदने को बाध्य कर रहे है। हालत ये है कि शर्ट की बटन तक पर स्कूल का लागो जरूरी कर दिया है। जूते-मोजे भी पसंदीदा कमिशन वाली दुकान से लेना जरूरी है। याने जेब कट रही है। तब सरकारी स्तर पर अधिकारियों व नेताओं की नींद नहीं उड़ी। अब प्राइवेट स्कूलों में सेशन का पहला महीना शुरू




होकर खत्म होने वाला है, अभिभावक पूरी तरह से लुटे जा चुके हैं, चुनाव हो चुके हैं, तब जाकर अचानक सरकारी स्तर पर शिक्षा विभाग एक्टिव हो रहा है और सख्त गाइड लाइन जारी कर रहा है, निजी स्कूलों को कार्रवाई की चेतावनी दे रहा है। लगभग सभी अभिभावक इसे ढकोसला बता रहे हैं क्योंकि जब शिकायतें की गईं तो कार्रवाई नहीं हुई। कलेक्टरों से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक सोए रहे, अब जब चिड़िया चुग गई खेत वाली हालत है तो नियम याद आ रहे हैं। बहरहाल आपको बताते हैं कि आखिर हुआ क्या है। राजस्थान में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले ही शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों में बढ़ती फीस और पेरेंट्स की समस्याओं को दूर करने के लिए 10 सूत्री गाइडलाइन तैयार की है। पालन नहीं करने पर प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान के निदेशक आशीष मोदी ने मीडिया को बताया कि गाइडलाइन की शत प्रतिशत पालन करवाना शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद किसी स्कूल में इन नियमों की पालना नहीं होती है तो वहां का शिक्षा विभाग का संबंधित अधिकारी और स्कूल इसके लिए जिम्मेदार होगा और उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। याने अब यदि कोई स्कूल नियम नहीं मानें तो जिम्मेदारी शिक्षा विभाग के अधिकारियें की भी होगी।

## यह जारी की शिक्षा विभाग की गाइडलाइन

पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया जाए। स्कूल स्तरीय फीस कमेटी बनेगी, सदस्यों का नाम, पता और उनके मोबाइल नंबर पीएसपी पोर्टल पर चस्पा होंगे। स्कूल स्तरीय फीस कमेटी द्वारा अनुमोदित फीस को पीएसपी पोर्टल पर सालाना और मासिक मद में पीडीएफ बनाकर दर्शाना होगा। फीस के अलावा किसी भी तरह का शुल्क वसूलना फीस एक्ट के खिलाफ है। निर्धारित फीस तीन शैक्षणिक सत्रों के लिए होगी के लिए होगी। सिर्फ कुछ वक्त के लिए नहीं। पुस्तकों के मामले में लेखक का नाम, किताब की कीमत के साथ शैक्षणिक सत्र शुरू होने से एक महीने पहले स्कूल के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होग ताकि पेरेंट्स उन्हें बाजार से भी खरीद सके। अब यहां पेच ये है कि बाजार से कैसे खरीदेगा अभिभावक। किताब तो उपलब्ध ही नहीं है। ऐसे पब्लिशरों की किताबों दी गईं हैं जो ऑनलाइन भी नहीं मिल रही हैं।

# भारी पड़ रहा फर्जी पुलिसकर्मी, सोशल मीडिया पर सलूंबर पुलिस को ओपन चैलेंज



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, सलूंबर । कल फर्जी पुलिसकर्मी बनकर रौब दिखाने वाला सलूंबर थाने का सफाई कर्मी अब पुलिस पर ही भारी पड़ रहा हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद से वह फरार है। अब बदमाश ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर सलूंबर पुलिस को धमकाया है व एसपी के समक्ष पेश होने की बात कहते हुए सलूंबर थाने के पुलिस कर्मियों के खिलाफ जहर उगला है। आपको बता दें कि एसपी अरशद अली के निर्देशन में एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें सलूंबर थाने में अस्थाई तौर पर नियुक्त सफाई कर्मी द्वारा सोशल मीडिया पर पुलिस वर्दी पहन कर रौब दिखाने का मामला सामने आया था ।एसपी के निर्देशन में सलूंबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक के घर की तलाशी ली गई । इस दौरान घर से पुलिस की वर्दी और सलूंबर थाने में तैनात एक कांस्टेबल बाइक बरामद की गई । मीडिया में खबर आने के बाद बदमाश युवक अब सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी दे रहा है। पोस्ट के माध्यम से बदमाश युवक ने धमकी देते हुए लिखा है कि-आप मेरा क्या बिगड़ोगे मैं खुद एसपी साहब के पास पेश हो रहा हूं। साथ ही सलूंबर थाने के एक पुलिस जवान के खिलाफ लिखा कि पुष्कर सलूंबर में बस-के चलना बहुत बस-के चलना, अब तेरे को मैं बताऊंगा जिस दिन तू मेरा हाथ में आ गया उस दिन तेरा पूरा का पूरा ऐसा करूंगा । हालांकि अब सोशल मीडिया पर धमकी मिलने के बाद पुलिस का कहना है कि टीम द्वारा दबिश दी जा रही है । जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी

## प्लेसमेंट इंटरव्यू के बाद राजस्थान कृषि महाविद्यालय के 5 विद्यार्थियों का मिली नौकरी की सौगात

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के संघटक राजस्थान कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए 14.15 मई 2024 को केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. लोकेश गुप्ता, अधिष्ठाता ने बताया कि देश की प्रतिष्ठित कंपनी मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली केंपस प्लेसमेंट के लिए महाविद्यालय पहुँची। महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल द्वारा बीएससी (कृषि) के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों को मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड में क्वालिटी असिस्टेंट के पद पर नियुक्ति मिली। अंतिम वर्ष के कुल 54 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिनमें से महाविद्यालय के 5 छात्र-छात्राओं जिसमें सत्येंद्र नागर, अजय कुमार, पूनम कंवर, सुरेंद्र सिंह व हेमंत नागर का चयन हुआ। डॉ लोकेश गुप्ता, अधिष्ठाता, आरसीए ने बताया इस सत्र में अब तक कुल 19 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो चुका है। मदर डेयरी की तरफ से सप्लाई चेन हैड डॉ वनित कथूरिया, एच आर हैड डॉ सुशील मल्ला एवं ऑपरेशनल हैड डॉ राकेश सिंह साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहे । महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल के प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. देवेंद्र जैन ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन तकनीकी सत्र व साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी करने के बाद हुआ है।

# आयड़ में कब्रिस्तान के पास चला यूडीए की जेसीबी का पीला पंजा, ध्वस्त किया अवैध निर्माण




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। चुनाव बीतते ही यूडीए एक बार फिर अतिक्रमण हटाने को लेकर अलर्ट हो गई है व लागातार कार्रवाई की जा रही है। आयड़ में आज यूडीए ने दल-बल के साथ कार्रवाई करते हुए कब्रिस्तान के पास बने कार्यालय को ध्वस्त किया। यह कार्यालय यूडीए की जमीन पर चार साल पहले बना दिया गया था। इसे लेकर कई बार चेतावनी भी दी जा रही थी। आखिरकार आज यूडीए, भूपालपुरा थाने के भारी जाब्ते की मौजूदगी में अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। यूडीए के आलाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। यूडीए तहसीलदार डॉ अभिनव शर्मा ने बताया कि चार साल से कमरा बना दिया था। समझाइश के बाद अतिक्रमण हटाने पर रजामंदी हुई व समझाइश के आधार पर अतिक्रमण हटाया गया है। जेसीबी, ट्रेक्टर व भारी जाब्ते की मौजूदगी में दस्ते के आने पर लोगों ने खुद ही सामना बाहर निकाल दिय व कमरे के खाली होते ही यूडीए की जेसीबी ने अतिक्रमण का काम तमाम कर दिया। भूपालपुरा थानाधिकारी मुकेश सोनी भी इस अवसर पर मौजूद थे। बताया यह भी गया कि जहां पर यह कमरा बना दिया गया था वह आने जाने का रास्ता था व लोगों को आवाजाही में भी खासी परेशानी हो रही थी। सर्व सम्मति से अतिक्रमण के हटने से अब सको सहूलियत हो सकेगी।

# 16 साल से सेवाएं दे रहे हंसमुख, मिलनसार कांस्टेबल भागीरथ बिश्नोई की हार्ट अटैक से मौत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर के अंबामाता थाने में तैनात पुलिस के जवान की बुधवार सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई। अम्बामाता थाने में तैनात कांस्टेबल भागीरथ बिश्नोई रात्रि गश्त की ड्यूटी करने के बाद पुलिस लाइन पहुंचे और घर जाकर सो गए। सुबह जब उसकी पत्नी ने चाय पीने के लिए उठाया तो वह अचेत अवस्था में मिले। इसके बाद उसके परिवार के लोगों ने पास ही के क्वार्टर में रहने वाले एक अन्य पुलिसकर्मी दानाराम को बताया इसके बाद पुलिस लाइन में रहने वाले कुछ पुलिसकर्मी भागीरथ बिश्नोई के क्वार्टर पर पहुंचे और उसको उठाने का प्रयास किया तो उठे ही नहीं। सभीएमबी अस्पताल पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जवान की अचानक मौत के बाद पुलिस विभाग में गमी का माहौल हो गया और सभी एमबी चिकित्सालय की मोर्चरी के बाहर पहुंचे। इस दौरान अम्बामाता थाना अधिकारी डॉक्टर हनुवंत सिंह राजपुरोहित सहित पुलिस के कई जवान मौजूद रहे। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जवान भागीरथ बिश्नोई का अंतिम संस्कार जालौर जिले के भीनमाल में स्थित उनके पैतृक गांव आपु की ढाणी में किया जाएगा। आपको बता दें कि भागीरथ विश्नोई करीब 16 वर्षों से उदयपुर के पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे थे और काफी वर्षों से अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ पुलिस लाइन में रह रहे थे।




24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।